बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 03/भू0अ0नि0(3)विविध–08/2022..1626.....**पटना, दिनांक** :21/7/2022

आदेश

दिनांक 05.05.2022 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा में किए जा रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसमें उक्त जिला के नोडल पदाधिकारी भी उपस्थित थे। समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN03130) द्वारा दिनांक 08.06.2021 को किस्तवार का कार्य प्रारंभ किया गया एवं 09 महीनों की लम्बी अवधि मे कार्य पूर्ण किया गया है। साथ ही किस्तवार का कार्य पूर्ण होने के 15 दिन बाद भी खानापुरी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। श्री कुमार द्वारा समीक्षात्मक बैठक में इस कृत्य के लिए कोई उत्तर नहीं दिया गया।

उक्त के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक 1093 दिनांक 11.05.2022 द्वारा श्री कुमार को कार्य में अभिरूची नहीं लेने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिनों के अन्दर समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है।

स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किए जाने एवं विशेष सर्वेक्षण का कार्य निर्धारित अवधि में पूरा नहीं किए जाने से यह स्पष्ट है कि श्री कुमार द्वारा विशेष सर्वेक्षण जैसे महत्वूपर्ण कार्यो में रूची नहीं ली जा रही है एवं इतने महत्वपूण कार्यो में गंभीर लापरवाही बरती गयी है। साथ ही इनके द्वारा अपने वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना भी की गयी है। इनका यह कृत्य कर्त्तव्यहीनता एवं स्वेच्छाचारिता को इंगित करता है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे समयावधि में पूरा किया जाना है। इस तरह के कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए इन्हे सेवा में बनाए रखना विभाग के हित में नहीं है।

उक्त के आलोक में **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** में वर्णित प्रावधान के तहत श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN03130) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

(जय सिंह) 21/7/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(3)विविध–08/2022..1626 **पटना, दिनांक** :–21/7/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(3)विविध–08/2022.1626 **पटना, दिनांक** :– 21/7/2022

प्रतिलिपि :– श्री विशाल कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN03130), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा E-Mail - vishalmahada@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(3)विविध–08/2022.1626 **पटना, दिनांक** :– 21/7/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 21/7/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप